भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4113

जिसका उत्तर 12.12.2019 को दिया जाना है

छिंदवाड़ा-नागपुर राजमार्ग को चार लेन का बनाने की परियोजना

4113. श्री नकुल के॰ नाथः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार/एनएचएआई का छिंदवाड़ा-नागपुर राजमार्ग को चार लेन बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है; और

(घ) परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा क्या है और उक्त परियोजना पर कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): मार्च, 2015 में राष्ट्रीय राजमार्ग 69 के छिंदवाड़ा से सोनेर तक खंड को पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन तक उन्नयन किया गया है और राष्ट्रीय राजमार्ग 69 के सोनेर से नागपुर खंड तक को भी 4-लेन का उन्नयन किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 69 के छिंदवाड़ा से सोनेर तक 4-लेन का कार्य आरंभ किया गया है।

*****